1. कलाकार फ्रेड्रिक सॉरयू का संबंध किस देश से था ? **1**

**अथवा**

न्गो दिन्ह दिएम का सम्बन्ध किस देश से था ?

To which country did the artist Frederic Sorrieu belong ?

**OR**

To which country did Ngo Dinh Diem belong ?

2. ऊर्जा क्यों आवश्यक है ? एक कारण लिखिए। **1**

Why is energy needed ? Write one reason.

3. भारत में कौन सी संस्था 'राजनीतिक दलों' को मान्यता प्रदान करती है ? **1**

Which organization does recognize 'Political Parties' in India ?

4. यदि एक अलोकतांत्रिक देश लोकतांत्रिक व्यवस्था में परिवर्तित होना चाहता है तो वह किस प्रकार की चुनौती का सामना करेगा ? **1**

If a non-democratic country wants to change into a democratic set up, then which kind of challenge would it face ?

5. दबाव समूह 'लाबिस्टों' की नियुक्ति क्यों करते हैं ? **1**

Why do pressure groups employ lobbyist ?

6. मान लीजिए आप बाज़ार से टेलीविज़न खरीदना चाहते हैं तो इसके लिए टेलीविज़न पर गुणवत्ता को सुनिश्चित करने वाला कौन सा शब्द चिह्न (लोगो) होना चाहिए। **1**

Suppose you want to purchase a Television from market, then which logo of quality should have been marked on the Television ?

7. विदेश व्यापार का बुनियादी कार्य क्या है ? **1**

What is the basic function of foreign trade ?

8. गरीबों के लिए बैंकों से ऋण लेना कठिन क्यों है ? **1**

Why is it difficult for poor to get loan from Banks ?

